


# सत्य साई चालीसा

सद्गुरु ब्रह्म कृपानिधे,
साईं ब्रह्म स्वरूप।

मंगलकर वन्दना करूँ,
शोभित चरण अनूप।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

शुद्ध हृदय समचित्त है,
आओ कृपा निधान।

वास करो इस चित्त में,
पर्तीश्वर भगवान।

जय पर्तीश्वर जय सत्य साईं,
शोभित मुखारविन्द तरूणाई।

शक्ति अवतार सत्य साईशा,
ईश्वराम्बा सुत पर्तीपुरीशा।

सत्य धर्म के कारण आये,
शान्ति प्रेम सद्भाव बताये।

हिंदीपथ.कॉम

मोक्ष द्वार आनन्द विधाता,
सकल ऋद्धि गुण सिद्धि प्रदाता।

निराकार परब्रह्म स्वरूपा,
आकारी मनहर शुचिरूपा।

निर्गुण नाम निरन्तर साई,
सगुण सनातन श्री सत्य साईं।

रूप दिव्य प्रभु रूप बनाया,
दर्शन कर भवरोग भुलाया।

मुख मण्डल पर अद्भुत केशा,
चित्र विचित्र दिव्य सन्देशा।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

सागर सम अथाह शुचि नैना,
अनुपम शोभित पद्म सुनैना।

हर्ष लिये है दीपित आनन,
आनन्द ब्रह्मलोक दिव्यानन ।

क्षण प्रतिक्षण भाव परिवर्तित,
गम्भीर कभी हो जाते हर्षित।

आँखें बन्द किए ध्यान कर,
ब्रह्मलीन भगवान निरन्तर ।

चमत्कार करते विधि नाना,
धारण करते धर्म परिधाना।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

शिर्डी बाबा रूप बताते,
अवतारी साईं कहलाते।

दीनबन्धु व अपंग सहायक,
भवबन्धन में शान्ति प्रदायक।

सर्व धर्म के सार कहाते,
प्रणव पुरुष अवतार सुहाते।

राम नाम की महिमा गाई,
स्वयं राम की छवि बतलाई।

राधा-कृष्ण, राम अरु सीता,
साईश्वास रामायण और गीता।

हिन्दीपथ.कॉम

भक्त वत्सला साईं रामा,
पाहि पाहि माम् हे घनश्यामा।

चकित रहा है ये संसारा,
शक्ति स्वरूपा विश्वाधारा।

"साईं ॐ" सवालक्ष जो जापे,
भव बन्धन थरथर त्यों काँपे ।

गुरु कीर्तन में जो कोई जावे,
साईं कृपा तुरन्त फल पावे।

भक्त करे नारायण सेवा,
प्रत्यक्ष हो नारायण देवा।

हिंदीपथ.कॉम

प्रातः नगर संकीर्तन जाई,
साई दया का पात्र कहाई।

रग-रग में रम जाओ स्वामी,
आओ आओ अन्तरयामी।

जहाँ दिव्य साई अनुशासन,
निश्चय स्वयं साई दिव्यसन।

सत्य प्रचार धर्म आधारा,
शान्ति स्वभाव प्रेम अवतारा।

परम प्रसाद विभूति पावन,
भ्रांति त्रास, दुःख-दर्द मिटावन ।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

"ॐकार" ध्वनि है परमानन्दा,
आशुतोष हर्षित सानन्दा।

दुष्काल, दर्द, दुःख, जबहि सतावे,
'साई' नाम तत्काल मिटावे।

वेदशास्त्र उपनिषद् और गीता,
समझा वही साई मन जीता।

दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, अम्बा,
शक्ति स्वरूपा साई जगदम्बा।

गीता ज्ञान प्रसारण कारण,
जन्म लियो बन जन साधारण।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

साई शक्ति को जो कोई ध्यावे,
तत्क्षण मन वांछित फल पावे।

चालीसा पाठ करे नित कोई,
प्रत्यक्ष साई कृपा हित होई।

बालक, वृद्ध, युवा, नर, नारी,
जपे, मिटे भव बाधा सारी।

साई दिव्य अभय वरदाता,
जय पर्तीश्वर जय सत्य साई।

सुख वैभव सदमार्ग प्रदाता,
कृपा करो हरि पाहि पाहिए।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

जयति ज्योतिपुंजल शिव साई,
जय जय जय हे साई अवतारा।

क्षमा करो प्रभु पाप हमारा,
बुद्धि हीन हम बालक तोरे।

शशि प्रभु तुम, हम आज चकोरे,
शोभित मुखारविन्दा तरूणाई।

शक्ति अवतार सत्य साईशा,
ईश्वराम्बा सुत पर्तीपुरीशा।

भव बन्धन संसार में,
सब कुछ है हरिनाम।

हिंदीपथ.कॉम

चरण कमल पर आ पड़ा,
अपनालो साई राम।
ॐ शान्तिः! शान्तिः! शान्तिः!!!

॥श्री दिव्यज्ञान प्रदायक भगवान श्री सत्य साई चालीसा सम्पूर्णम्॥

हिन्दीपथ.कॉम

# अन्य चालीसा पढ़े

- हनुमान चालीसा
- शिव चालीसा
- दुर्गा चालीसा
- शनि चालीसा
- गणेश चालीसा
- लक्ष्मी चालीसा
- राम चालीसा
- विष्णु चालीसा
- गायत्री चालीसा
- काली चालीसा
- भैरव चालीसा
- सरस्वती चालीसा
- कृष्ण चालीसा
- सूर्य चालीसा
- महावीर चालीसा
- साईं चालीसा
- महाकाली चालीसा
- तुलसी चालीसा
- बगलामुखी चालीसा
- गोरख चालीसा
- गोपाल चालीसा
- नवग्रह चालीसा
- रविदास चालीसा
- बाला जी चालीसा
- महालक्ष्मी चालीसा
- पार्वती चालीसा

हिंदीपथ.कॉम

- खाटू श्याम चालीसा
- रामदेव चालीसा
- राधा चालीसा
- विश्वकर्मा चालीसा
- पितर चालीसा
- बटुक भैरव चालीसा
- जाहरवीर चालीसा
- गिरिराज चालीसा
- नर्मदा चालीसा
- प्रेतराज चालीसा
- संतोषी चालीसा
- गंगा चालीसा
- चामुंडा देवी
- शारदा चालीसा
- ललिता चालीसा
- अन्नपूर्णा चालीसा
- श्री वैष्णो चालीसा
- परशुराम चालीसा
- विन्ध्येश्वरी चालीसा
- ब्रह्मा चालीसा
- शाकम्भरी चालीसा
- राणी सती चालीसा
- गंगाराम चालीसा
- बालक नाथ चालीसा
- मोहन राम चालीसा
- शीतला चालीसा
- वीरभद्र चालीसा
- मनसा देवी

हिंदीपथ.कॉम

- कैला चालीसा
- नरसिंह चालीसा
- ज्वाला चालीसा
- नैना देवी चालीसा
- जीण चालीसा
- कुबेर चलीसा
- चित्रगुप्त चालीसा
- गोलू चालीसा
- जीण चालीसा
- झूलेलाल चालीसा
- करणी चालीसा
- यमुना चालीसा
- मेहर चालीसा
- कामाख्या चालीसा
- सत्य साई चालीसा

हिन्दीपथ.कॉम